बच्चों और उनके परिवारों के संबंध में निष्कर्ष

यह कैसे काम करता है?

बाल परिणाम सारांश प्रक्रिया

Child Outcome Summary (बाल परिणाम सारांश, COS) प्रारंभिक सहायता में बच्चों द्वारा की गई प्रगति पर डेटा एकत्र करता है। तीन परिणामों के बारे में सारांश जानकारी आपके बच्चे के प्रारंभिक सहायता सेवाओं में प्रवेश और निकास के समय एकत्र की जाएगी।

तीन प्रमुख परिणाम क्या हैं?

परिणामों पर नज़र रखना

- सामाजिक और भावनात्मक क्षमता और पारस्परिक संबंधों में सकारात्मकता
- अध्ययन और अभ्यास के माध्यम से अपना आईक्यू बढ़ाना
- ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उचित व्यवहार का उपयोग

प्रगति पर फैसला कौन करता है?

माता-पिता और देखभाल करने वालों का मूल्य

प्रारंभिक सहायता सेवाएं मानती हैं कि माता-पिता और अन्य देखभाल करने वाले छोटे बच्चों के प्राथमिक शिक्षक हैं। माता-पिता को हमेशा शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। माता-पिता अपने बच्चों को सबसे अच्छी तरह जानते हैं। हमें उनके इनपुट की ज़रूरत है।

सारांश जानकारी का उपयोग कैसे किया जाता है?

प्रारंभिक सहायता सेवाओं की गुणवत्ता को मापना

सारांश जानकारी आपके स्थानीय कार्यक्रम और राज्य के Early Support for Infants and Toddlers (शिशुओं और बच्चों के लिए प्रारंभिक सहायता, ESIT) टीम को बताती है कि प्रारंभिक सहायता सेवाएं शिशुओं, बच्चों और परिवारों के लिए कैसे अंतर लाती हैं; सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए ESIT का समर्थन करती हैं; और राज्य की Annual Performance Report (वार्षिक प्रदर्शन रिपोर्ट, APR) के लिए डेटा प्रदान करती हैं। एपीआर जनता के लिए उपलब्ध है।

क्या मेरे बच्चे की जानकारी सुरक्षित है?

डेटा गोपनीयता प्राथमिकता है

हां, आपके बच्चे की जानकारी सुरक्षित है। सिर्फ सारांश डेटा की रिपोर्ट की जाएगी। आपका नाम और आपके बच्चे का नाम रिपोर्ट की गई सारांश जानकारी से जुड़ा नहीं होगा। हम इन डेटा का उपयोग यह दिखाने के लिए करते हैं कि प्रारंभिक सहायता सेवाएं कितनी अच्छी तरह काम करती हैं।

Washington State Department of
CHILDREN, YOUTH & FAMILIES

*अगर आप वैकल्पिक फ़ॉर्मेट या भाषा में इस प्रकाशन की निःशुल्क प्रतिलिपियाँ चाहते हैं, तो कृपया DCYF Constituent Relations (DCYF कॉन्स्टिट्यूएंट रिलेशंस) से 1-800-723-4831 पर संपर्क करें या **communications@dcyf.wa.gov** पर ईमेल करें।*

DCYF PUBLICATION FS_0025 HI (03-2025) Hindi